हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025

04 हर बच्चे की मुस्कान हमारी जिम्मेदारी लापता बच्चे...



07 एंजेल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल झांसी के डॉक्टरों ने...





### एक गांव-एक उद्योग स्थापना कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जिले के युवा, उद्यमी और कृषक उद्योग स्थापना के लिए आगे आएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगर मालवा जिले में औद्योगिक क्षेत्र में अपार संभावना हैं। कृषि एवं इससे जुड़े उद्योग स्थापित होंगे तो किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। यह बात कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित एक गांव एक उद्योग स्थापना कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर ने कहा कि जिला उद्योग स्थापना के क्षेत्र में जिला तेजी से आगे बढ़ रहा है, आने वाले समय में प्रदेश का एक विकसित और औद्योगिक तौर पर समृद्ध जिला बनकर उभरेगा। जरूरी है कि जिले के युवा, उद्यमी और कृषक उद्योग स्थापना के लिए आगे आएं, जिससे स्वयं आत्मनिर्भर बने और स्थानीय लोगों को रोजगार दे सकें। उन्होंने कहा कि जिले के कृषक एवं युवा आगे बढ़कर उद्योग स्थापना करते हैं, तो प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा।






कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उद्योग स्थापना के क्षेत्र में जिले की संभावना को प्रदर्शित किया गया। जिसका जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, कलेक्टर यादव, सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे द्वारा अनावरण किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा एक गांव-एक उद्योग पुस्तिका का विमोचन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई ने कहा कि जिले के कृषकों को समय के साथ बदलना होगा, फसल उत्पादन के साथ मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग कर बाजार में विक्रय करना होगा, जिससे अधिक आय प्राप्त होगी। वर्तमान आवश्यकता है, कि कृषक खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित कर अपने उत्पादों को वैश्विक स्तर तक ले जाएं।

सीईओ जिला पंचायत कुशरे ने एक गांव-एक उद्योग के कार्यशाला उद्देश्य पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि किसानों एवं युवाओं को जिले में कृषि आधारित उद्योगो, फ्रुड प्रोसेसिंग, एमएसएमई और बड़े उद्योगों से जुड़ी संभावनाओं को जानकारी देना था। ताकि हर गांव में कम से कम एक उद्योग स्थापित किया जा सकें। उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत /2047 के दृष्टिकोण पर आधारित इस कार्यशाला को उद्यमियों को सशक्त बनाने, समावेशी विकास तथा नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने में सहायक बताया। व्यवसाय एवं उद्योग स्थापित कर निरंतर प्रगति एवं वृद्धि हेतु किसानों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित किया गया। जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ रामनारायण तेजरा ने भी किसानों को संबोधित किया।

उप संचालक कृषि, मंडी बोर्ड भोपाल डॉ. पूजा सिंह ने अवसंरचना कोष योजनाओं का लाभ लेने हेतु मार्गदर्शन दिया। कार्यकारी निदेशक, एमपीआईडीसी उज्जैन राजेश राठौर द्वारा उद्योग में दी जाने वाली सुविधाओं एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई। कृषि महाविद्यालय झालावाड़ डॉ. निर्मल मीणा ने जिले में फल, सब्जी, औषधीय एवं मसाला फसलों को बढ़ावा देने तथा मसाला प्रसंस्करण उद्योग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नवीन शुक्ला ने उद्योगों हेतु एमएमएमई योजनाओं के लाभ के बारे में मार्गदर्शन दिया। रेम्प कंसल्टेंट डॉ. अजय दुबे ने आरएएमपी एवं आईटीआर से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सक आगर अंकित जैन, द्वारा पशुपालन आधारित उद्योग स्थापित करने की जानकारी प्रदान की गई। अग्रणी बैंक प्रबंधक श्रीकांत सक्सेना ने बैंक योजनाओं के अनुदान एवं लाभ लेने की प्रक्रिया बताई।

## नलखेड़ा में मतदान केंद्र 188 पर एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण, बीएलओ का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का प्रथम चरण का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जा रहा है जोकि अब अंतिम दौर में है। प्रथम चरण में नलखेड़ा तहसील व परिसीमन क्षेत्र में 162 केंद्र पर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इनमें से कुछ मतदान केंद्रो पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 188 वार्ड क्रमांक 9 का एसआईआर का कार्य बीएलओ एवं उनके सहायक के साथ वार्ड पार्षद गोवर्धन वेदिया की सक्रियता एवं प्रयास से शत प्रतिशत पूर्ण होने पर वहां की बीएलओ नीतू परमार एवं सहायक आकाश परमार का मतदान केंद्र पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, वार्ड पार्षद गोवर्धन वेदिया, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा, पत्रकार योगेंद्र मकवाना आदि द्वारा पुष्पहार से स्वागत कर सम्मानित किया गया।

### राजनैतिक दल के नेता व कार्यकर्ता कर रहे सहयोग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ नगर में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। बीएलओ घर घर जाकर गणना पत्र एकत्रित करने में लगे है वही राजनैतिक दल के नेता व कार्यकर्ता भी उन्हें सहयोग कर रहे हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 196 एवं 198 पर कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर कार्य की समीक्षा की जिसमे 99 प्रतिशत कार्य पुर्ण हुआ। वहीं सकलेचा ने नगर के विभिन्न मतदान केंद्र पर पहुंचकर जहाँ मतदाताओं को गणना पत्र भरने में सहयोग कर पत्रक बीएलओ को जमा करवाने में सहयोग किया। उन्होंने नगर के गणना पत्र जमा करवाने में शेष रहे मतदाताओं से अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करते हुए अपने गणना पत्र भरकर अपने बीएलओ को जमा करवाने की अपील भी की।

### खबर संक्षेप

#### नलखेड़ा तहसील व परिसीमन क्षेत्र में एसआईआर का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का प्रथम चरण का कार्य पूर्णता की ओर है। नलखेड़ा तहसील व परिसीमन क्षेत्र में 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रथम चरण की अंतिम तारीख 4 दिसम्बर है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। शुक्रवार सायं 4 बजे तक नलखेड़ा तहसील के 118 एवं मोहन बड़ोदिया तहसील के 44 कुल 162 मतदान केंद्रों पर एसआईआर का प्रथम चरण का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया था। 162 मतदान केंद्रों में से 37 मतदान केंद्रों पर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। एसआईआर के प्रथम चरण के कार्य की अंतिम तारीख 4 दिसम्बर है। इस कार्य मे गत 4 नवंबर से सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं उनके सहायक अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व निर्देश में लगातार जुटे हुए हैं।

#### 3 दुकानों के लाइसेंस निरस्त, 2 के निलंबित

**सीहोर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सीहोर जिले की 5 मेडिकल दुकानों पर अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की गई है।
अनियमितताएं जाए जाने पर 3 मेडिकल दुकानों मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी, मेसर्स सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा दुआ मेडिकल श्यामपुर एवं माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।
उल्लेखनीय है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले में मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कुछ दिवसों पहले जांच दल द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर इन मेडिकल दुकानों को नोटिस जारी किया गया था और निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इन मेडिकलों द्वारा इस संबंध में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

## समाधान योजना : महाकैंप में 263 उपभोक्ताओं का 3 लाख 29 हजार सरचार्ज माफ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों पर राहत प्रदान करने संचालित समाधान योजना में शुक्रवार को जिले के विद्युत केन्द्रों पर महाकैंप लगाए गए। जिसमें आगर वृत्त अन्तर्गत 263 उपभोक्ताओं द्वारा 19 लाख 65 हजार रुपए का बकाया बिल जमा कर 3 लाख 29 हजार का सरचार्च की छूट प्राप्त की। महाकैंप में घरेलू, गैर घरेलू और सिचाई उपभोक्ताओ ने शिविर में आकर बिल जमाकर सरचार्ज माफी का लाभ लिया। इस महाकैंप में आगर शहर, आगर ग्रामीण, बड़ौद, जयसिंहपुरा, कानड, तनोडिया केन्द्र पर आयोजित हुआ।

### बाल विवाह रोकथाम विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

## 'बाल विवाह जैसी कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे जागरुकता अभियान अंतर्गत बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं समाज में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को स्थानीय एनआरएलएम भवन में बाल विवाह रोकथाम विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों महिला एवं बाल विकास विभाग सामाजिक संस्थाओं शिक्षकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा समुदाय प्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशर बाई मुकेश चौहान भाजपा मंडल अध्यक्ष नलखेड़ा रोहित सकलेचा धरोला मंडल भंवरसिंह चंद्रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उनके संपूर्ण विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे बाल विवाह जैसी कुरीति के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। शासन द्वारा जिला स्तर पर विकास खंड स्तर पर और ग्राम स्तर पर बालविवाह रोकथम दल के गठन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है इसमें समस्त सदस्य जनों को बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रशासन को पूर्व सूचना विभिन्न माध्यमों से दिए जाने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में महिला हेल्पलाइन 181 चाइल्ड लाइन 1098 इत्यादि की जानकारी दी गई है। किसी भी प्रकार के बाल विवाह की जानकारी कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी परियोजना कार्यालय में दी जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 किशोर-किशोरियों के अधिकार बाल संरक्षण प्रणाली परामर्श सेवाओं तथा समुदाय में रोकथाम के प्रभावी उपायों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों ने चर्चा के माध्यम से अपने सुझाव साझा किए और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में अन्य सहभागियों के रूप में स्वास्थ्य विभाग से अहीरवाल, शिक्षा विभाग अनिता बैगना बी ए सी नलखेड़ा, मंजूलता त्रिवेदी शिक्षक, जमील अहमद काजी सामाजिक कार्यकर्ता,अनूप कुमार पटेल जिला समन्वयक, धरमचंद कामरिया मबावि नलखेड़ा और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पूरी टीम उपस्थित रही। जमील अहमद काजी, सामाजिक कार्यकार्त के द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।


## कम विजिबिलिटी बनी काल, हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

### इंदौर की महिला और भोपाल के युवक की मौत, तीन घायल

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह लगभग छह बजे कम विजिबिलिटी के कारण एक भीषण सडक़ दुर्घटना हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दरबार ढाबे के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

पुलिस के शुरुआती जांच के अनुसार सुबह के समय कोहरा होने के कारण कार चालक सडक़ किनारे खड़े ट्रक को समय रहते देख नहीं पाया। कार की गति भी संभवतः अधिक थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### नेमा परिवार पर टूटा कहर



पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में संध्या नेमा पत्नी सुनील नेमा उम्र 56 वर्ष इंदौर एवं युवक मृदंग नेमा पिता संजीव नेमा 28 वर्ष भोपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि सुनील नेमा पिता अर्जुन लाल नेमा 60 वर्ष इंदौर, संजीव नेमा पिता मोहन नेमा 45 वर्ष एमपी नगर भोपाल, मीनल नेमा पत्नी संजीव नेमा 40 वर्ष एमपी नगर भोपाल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि नेमा परिवार महू से राजधानी भोपाल जा रहा था।

### हिंदू धर्म के लोगों से नफरत करना शुरू कर दिया था

## बजरंगियों ने समझाया तो क्रिश्चियन धर्म छोड़कर हिंदू बन गया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इंदिरा नगर शमशान घाट के पास रहने वाले कमलेश मालवीय का परिवार ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों के द्वारा दिए गए सरकारी नौकरी और नगदी राशि सहित अन्य सहयोग देने के लालच में आकर धर्म बदलकर ईसाई बन गया था।



ईसाई बन चुके परिवार ने हिंदू धर्म से और हिंदू धर्म के लोगों से नफरत करना शुरू कर दिया था। घर में रखी देवी देवताओं की प्रतिमाओं को चित्रों को हटाकर नदी में विसर्जित कर दिया था। घर से हिंदू धार्मिक किताबों को इस परिवार ने हटा दिया था। यह परिवार पूजा पाठ छोड़कर बाइबल के निर्देश अनुसार प्रार्थना करने लगा था । इस बात की भनक लगते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता इस परिवार के घर पर पहुंचे थे और उन्होंने इस मालवीय परिवार को समझाइए थी। मौके पर कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची थी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में एक आवेदन दिया था। उसके बाद कोतवाली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी। इस परिवार पर अवैधानिक धर्मांतरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज होता इस से पहले कमलेश मालवीय के पिता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धर्म रक्षक विभाग जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक समीर राय नगर अध्यक्ष परमवीर जाट जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा जिला अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर पदाधिकारी यज्ञेश राठौर से मिले और वापस हिंदू धर्म में आने की बात कही।

हिंदू परिषद के द्वारा गुरुवार को बाकायदा उनके घर पहुंच कर ईसाई बन चुके सभी सदस्यों को हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। सभी को भगवा अंग वस्त्रम बनाए गए और तिलक लगाया गया गंगाजल चिड़कर उन्हें पवित्र किया गया। गीता जी रामायण जी और भगवान श्री रामचंद्र जी को साक्षी बनाया गया। ईसाई धर्म छोड़कर और हिंदू धर्म में वापस आकर पूरा मालवीय परिवार प्रसन्न है और खुश है उन्होंने भगवान श्री राम दरबार की विधिवत्त पूजा अर्चना भी की और सही मार्ग दिखाने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज ने वर्मा की गिरफ्तारी को लेकर दिया आवेदन




**देवास।** शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण महासभा संघ के सदस्य बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। बीते दिनों आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति को लेकर की गई कथित टिप्पणी के बाद समाज में भारी नाराज़गी देखने को मिल रही है जिसे लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर संतोष वर्मा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया। ब्राह्मण समाज महासंघ के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने कहा कि "आईएएस संतोष वर्मा ने जिस तरह ब्राह्मण समाज की बेटियों का अपमान किया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। समाज उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग करता है।" वही समाज में बढ़ते विरोध को देखते हुए संतोष वर्मा का पुतला भी दहन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा यदि पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**देवास।** शासकीय कार्यालय कार्यों को डिजिटल एवं अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। ई-ऑफिस प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वन मंडल कार्यालय देवास में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला सूचना अधिकारी मनीष कुमार खत्री द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान खत्री ने ई-ऑफिस के महत्व, फाइल निस्तारण की गति, पारदर्शिता बढ़ाने तथा मॉनिटरिंग को सुगम बनाने के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने फाइल निर्माण, नोटशीट तैयार करना, डायरी, ई-डिस्पैच, फाइल ट्रैकिंग, डिजिटल अनुमोदन सहित ई-ऑफिस के सभी प्रमुख मॉड्यूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत देवास में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# हर बच्चे की मुस्कान हमारी जिम्मेदारी लापता बच्चे की जानकारी हमें दें: एसपी

#### पुलिस अधिकारियों द्वारा शासकीय स्कूलों में चलाया गया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेशानुसार दिनांक 01 नवम्बर 2025 से संपूर्ण प्रदेश में "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान 01 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। जिस पर से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा उक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है।

देवास जिले में यह अभियान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के दिशा निर्देश में समस्त एसडीओपी (पुलिस) एवं थाना प्रभारी/चोकी प्रभारीगण द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय पतासाजी की जा रही है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत जिला देवास में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवली टोंकखुर्द,शासकीय कन्या शाला टोंकखुर्द, चित्रांश हाय स्कूल नेमावर,ब्राइट फ्यूचर स्कूल भौंरासा, प्रतिभा पब्लिक स्कूल काकड़दा फाटा भौंरासा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय नराना, सनराइज अकादमी डकाच्या एवं ऑक्ट्री पब्लिक स्कूल धामंदा में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ शदीपा माण्डवे,थाना प्रभारी नेमावर निरीक्षक प्रदीप राय,थाना प्रभारी भौरांसा निरीक्षक प्रीति कटारे,थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह एवं थाना स्टॉफ द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया एवं उनके साथ होने वाले शारीरिक अपराध के संबंध में समझाइश दी गई एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के बारे में समझाया गया। गुड टच और बेड टच के बारे में छात्र-छात्राओं से बात की गई साथ ही साइबर फ्रॉड से संबंधित अपराधों से बचने के उपाय और अपराध हो जाने के तुरंत बाद 1930 पर कॉल करने या पुलिस से संपर्क करने संबंधी सलाह दी गई। जिले की पुलिस व्यवस्था के प्रारूप के सम्बन्ध में भी बच्चो को बताया गया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि ने कहा कि "हर बच्चे की मुस्कान हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में यदि कोई बच्चा घर से लापता होता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि उसे सुरक्षित रूप से वापस लाया जा सके। पुलिस विभाग समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी बच्चा असुरक्षित या उपेक्षित महसूस न करे।" उन्होंने यह भी बताया कि "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा लापता बच्चों की सक्रिय खोज, परामर्श सत्रों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# बागली में लाखों की चोरी करीब तीन साल बाद भी पुलिस खाली हाथ

#### फरियादी ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली नगर में 15 नवंबर 2022 में हुई लाखों रुपये की चोरी का मामला लगभग 3 साल बाद भी अनसुलझा है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन तीन सालों की अवधि में छह थाना प्रभारी एवं वर्तमान थाना प्रभारी सहित सात थाना प्रभारी और एक एसडीओपी बदल चुके हैं, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़ित राजेश कुमार जादम ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से लेकर कई वरिष्ठ अधिकारियों तक गुहार लगाई है, लेकिन उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है। जानकारी अनुसार, 2022 में बागली में लाखों रुपये की चोरी की वारदातें हुई थीं, जिसने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया था।

इनमें से एक चोरी दिव्यानी कॉलोनी में बैंक कर्मचारी बृजेश राजपूत के घर हुई थी, जबकि दूसरी चोरी नगर की उत्कृष्ट विहार कॉलोनी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजेश जादम के यहां हुई थी। इन घटनाओं के बाद से पुलिस लगातार जांच का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि केस जहां का तहां है। फरियादी राजेश कुमार जादम ने बताया कि उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों को कई बार अपनी पीड़ा बताई, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, उम्मीद थी कि उच्च स्तरीय हस्तक्षेप से मामले में तेजी आएगी, लेकिन नतीजा असफल रहा। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर स्थानीय नागरिकों में भी आक्रोश है।

उनका कहना है कि जब लाखों रुपये की चोरी का खुलासा नहीं हो पा रहा है, तो आम आदमी की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। पुलिस विभाग में लगातार हो रहे तबादले भी जांच की रफ्तार पर असर डाल रहे हैं, क्योंकि हर नए अधिकारी को मामले को समझने में समय लगता है और तब तक केस की फाइल ठंडे बस्ते में चली जाती है। राजेश कुमार जादम के शिक्षक साथियों ने भी इस मामले में अपनी ओर से पहल करते हुए, 2022 में ही चोरी का सुराग देने वाले को 50,000 रुपये की राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन यह प्रयास भी अब तक निष्फल रहा है।

अब देखना यह होगा कि फरियादी राजेश कुमार जादम की यह लड़ाई कब तक रंग लाती है और पुलिस कब तक इन बड़ी चोरियों का खुलासा कर पाती है। यह मामला बागली पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है और इसे जल्द से जल्द सुलझाने की मांग जोर पकड़ रही है।

**अभी मैं छुट्टी पर हुं**

अभी मैं छुट्टी पर हूं आकर पूरे मामले को दिखावाती हूं।
सृष्टि भार्गव, एसडिओपी बागली

# जिला पंचायत सीईओ ने विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की। बैठक में सीईओ जनपद पंचायतों द्वारा देवास बाल वाटिका, एक बगिया मां के नाम परियोजना, मनरेगा कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में देवास बाल वाटिकाओं के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत सर्वे किए गए हितग्राहियों के यहां 10 दिवस में पौधे लगाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ-साथ मजदूरी एवं सामग्री का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी परियोजनाओं को आदर्श परियोजनाओं के रूप में विकसित किया जाए। मनरेगा अंतर्गत विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों की उपयंत्रीवार समीक्षा कर एक माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए कि जल संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत आगामी वर्ष की कार्ययोजना हेतु कार्यों का चिन्हांकन सिपरी पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें। साथ ही इस वर्ष के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर पूर्ण कराने एवं इन कार्यों पर मस्टर जारी कराने के निर्देश दिए गए। शासन निर्देशानुसार जॉब कार्डधारी परिवारों का शतप्रतिशत ई केवायसी कराया जाना है, सभी उपयंत्री अपने क्षेत्र में यह कार्य शतप्रतिशत समय सीमा में कराए। जल संवर्धन अंतर्गत किए गए कार्यों को पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एसएनए स्पर्श अंतर्गत लंबित बिलों का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए।

# 100 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जारी मतदाता सूची के गहन पुर्नरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम शिवम यादव, नायब तहसीलदार पीहू कुरील के नेतृत्व में बागली विधानसभा में भी बूथवार पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। बागली तहसील के कुल 156 मतदान केंद्र में से कुल 6 बूथ लेवल अधिकारियों जिनमें रजनी धानक चापडा (46), मायाराम जाट पिपल्या जान (37), मदनलाल परमार लसुड़िया लाड़ (17), दौलत सवनेर बेहरी (51), जुगल किशोर अमडावदिया बेहरी (52), राकेश शर्मा इस्माइल खेडी (19), अकबर अली कमलापुर (23) के द्वारा अपनी टीम के साथ 100% कार्य पूर्ण करने पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में यादव व कुरील के द्वारा उक्त सभी बीएलओ साथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा,आई एक्स्पर्ट नवनीत व्यास, सुपरवाइजर इन्दर गोठी, मास्टर ट्रेनर वारिस अली,अफजल मंसूरी,शुभम चावड़ा आदि उपस्थित रहे तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले साथियों को शुभकामनाएं प्रदान की। गुरूवार तक बागली विधानसभा में कुल 89% कार्य पूर्ण हो गया है तथा सामूहिक प्रयास से कार्य उत्साह के साथ जारी है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सभी मतदाताओं से शीघ्र अतिशिघ्र अपनी जानकारी बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की है। यह जानकारी शाखा प्रभारी चावड़ा ने प्रदान की।

# युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मदनी के नेतृत्व में पूर्व मंत्री यादव का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सचिन यादव का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने साफा बांधकर पुष्प माला पहना कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सचिन यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ देश के लोकतंत्र और प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है।

देश में तानाशाही स्थापित करना चाहती है। इन मकसदों को लेकर एसआईआर जबरन पूरे देश में थोपने का कार्य कर रही है। आज देखने में आ रहा है कि जिन प्रदेशों में एसआईआर लागू हुआ है वहाँ के जो बीएलओ है उनकी कार्य के दबाव से असमय मृत्यु हो रही है। भाजपा सरकार की नीतियाँ जनहित से दूर होती जा रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है।दौरे के दौरान यादव, शहर काजी अब्दुल वहाब खान, गड्डी मामू के निवास पर भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंट कर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शौकत हुसैन, नरेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, पार्षद वसीम हुसैन,अरविंद चौधरी,फजल एहमद, शकूर राणा, पार्षद अफजल मंसूरी, सज्जाद अली, फैजान मदनी, शहीद ठेकेदार, रईस मंसूरी, अरविंद जोलाए, राजेश यादव, आदि उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# कार्यक्रम में 100 दिवसीय सघन अभियान के बारे में दी जानकारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महिला एवं बाल विकास विभाग देवास द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज देवास में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे ''बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय सघन अभियान'' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से बाल विवाह की कुप्रथा के प्रति छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को जागरूक करना और उन्हें इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के संकल्प से जोड़ना है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सोनल भाटी, समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग से परामर्शदाता डॉ. एकता जायसवाल ने छात्रों को ''बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय सघन अभियान'' के बारे में जानकारी दी। आस फाउंडेशन से सरिता राजपूत ने बाल विवाह के सामाजिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनी रूप से अपराध है। कार्यक्रम में भारत को बाल विवाह से मुक्त बनाने और अपने आसपास ऐसी किसी भी घटना की सूचना बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल या संबंधित अधिकारियों को देने का संकल्प लिया। यह शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिलवाई गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से संरक्षण अधिकारी दीक्षा कुशवाह एवं आस फाउंडेशन की टीम उपस्थित थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान 08 मार्च तक विभिन्न चरणों में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में देवास जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में संवेदीकरण सत्र और शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी चरणों में विवाह सेवा प्रदाताओं को भी अभियान से जोड़ा जाएगा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बाल विवाह मुक्त गाँव बनाने के प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाएं और बाल विवाह के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करें, जिससे देवास को 'बाल विवाह मुक्त भारत योद्धा' जिलों की श्रेणी में शामिल किया जा सके।

# शीलनाथ मंदिर से चांदी की चरण पादुकाएं चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के आनंद बाग स्थित सद्गुरु श्री शीलनाथ महाराज के प्राचीन मंदिर से चांदी की चरण पादुकाएं चोरी हो गई हैं। यह घटना शुक्रवार को सामने आई, जब एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर परिसर से गुरुदेव की पावन चरण पादुकाएं चुराकर ले गया।मंदिर के आसपास लगे घरों के सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध व्यक्ति दोपहिया वाहन से निकलते हुए दिखाई दिया है। आशंका जताई जा रही है कि यही व्यक्ति मंदिर पहुंचा था और उसने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।घटना की सूचना मिलते ही मंदिर से जुड़े सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सद्गुरु श्री शीलनाथ महाराज का यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है और श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। मामले की जानकारी सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 6 दिसंबर को आएंगी

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग डॉ बबीता सिंह चौहान 6 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। प्रातः 11:30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

### निधन पर व्यापारी नेताओं ने जताया शोक

**ललितपुर।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय पर एक शोक बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता झांसी मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.अवध बिहारी उपाध्याय की धर्मपत्नी उषा उपाध्याय के असमय निधन एवं मड़ावरा व्यापार मंडल के महामंत्री प्रियंक सराफ के दादा टीकमचंद सराफ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत आत्माओं की शांति एवं सद्गति हेतु प्रार्थना की गई। इस दौरान महेंद्र जैन मयूर, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महेश जैन मोनू, अनिल जैन, अनिल अंचल, पंकज, नवीन सिंघई, अशोक अनोरा, मुन्नालाल जैन, डा.प्रीतम सराफ, आनंद जैन, जयनारायण शर्मा, सुरेन्द्र, विजय, मनोज सोनी मज्जू, मनोज 56, राजीव सुडेले, उदयभान यादव, हरीश सिंघई, राजीव चौधरी, लखन अग्रवाल, संजीव कप्तान, मुकेश जैन, नीतीश जैन, राजेंद्र जैन, रामप्रकाश साहू, संतोष साहू, सनत जैन, विनय जैन, रमाकांत तिवारी, अरविंद जैन, ज्ञानप्रकाश खंडेलवाल, अभय जैन एड., संजय खन्ना, अजमेरी खान, पंचम जैन, राजीव पटवारी, महेश जैन, पार्षद आलोक जैन मयूर, अंकित सतभैया, जिनेंद्र पंसारी, राहुल मोदी, सतीश जैन, जितेंद्र, अवनीश बुखारिया, दीपक सिंघई, उपेंद्र जैन, हेमन्त सिंघई आदि मौजूद रहे।

### सांसद खेल महोत्सव में हुआ फुटबॉल मैच



**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत गुरुवार को स्टेडियम में फुटबॉल मैच हुआ। जिसमें प्रथम मैच ट्रिनिटी स्कूल और पौआनाला एफसी के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिनिटी स्कूल की फुटबॉल टीम ने 5 -0 से पौआनाला टीम को हराकर अगले राउंड में पहुंची। दूसरा मैच बेत्वांचल एफसी विरुद्ध ओलंपिस स्कूल एचसी के बीच हुआ। जिसमें बेतवा आंचल की टीम ने ओलंपस पर 5 -0 से विजयश्री हासिल कर अगले मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। मैच के ऑफिशल वीएस बुंदेला, ज्योति राजपूत प्रशिक्षक आमिर खान, रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, एवं अरविंद राज राजपूत एवं सीनियर खिलाड़ियों में सहयोग किया।

## अधिकारियों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

# एंजेल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल झांसी के डॉक्टरों ने जांचा 478 लोगों का स्वास्थ्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी शसत्य प्रकाश के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में झांसी की एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसका जिलाधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल के मोबाइल चार्जिग स्टेशन का भी शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि ललितपुर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए एजेंस स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल की ओर से यह शिविर लगाया गया है, हॉस्पिटल में लगभग सभी डिपार्टमेंट्स के स्पेशलिस्ट उपलब्ध हैं और आयुष्मान योजना का लाभ भी दिया जाता है। इसके साथ ही जांचे भी न्यूनतम दर पर हो जाती हैं। शिविर में हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के द्वारा कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी व मीडिया बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व परामर्श दिया गया। बताया गया कि झांसी स्मार्ट सिटि लिमिटेड द्वारा पीपीटी मॉडल पर अत्याधुनिक मल्टी स्पेशलिटी 200 बेड्स का अस्पताल है, जिसमे आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त इजाल की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य मरीजों का भी न्यूनतम दरों पर उपचार किया जा जाता है। हॉस्पिट में सभी प्रकार के स्पेशलिस्ट चिकित्सक उपलब्ध हैं। आज जनजागरुकता के लिए यह कैम्प लगाया गया है।



### अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांचें

*हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ अतुल सिंह यादव ने बताया कि एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल झांसी में बस स्टैंड आरटीओ के पास स्थित है, इस अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांचे न्यूनतम सीजीएचएस के रेट पर की जाती हैं जो बाजार से 50 प्रतिशत कम होती है, साथ ही इस अस्पताल में 32 डॉक्टरों की टीम मौजूद है जिसमें मुख्यत हार्ट सर्जन, डेंटल, फिजिशियन, न्यूरोलॉजी सहित अन्य सभी डिपार्टमेंट के चिकित्सक उपलब्ध हैं। कैम्प में चिकित्सकों द्वारा 478 मरीजों की जांचे की गई और जिन मरीजों को चिकित्सालय आने की सलाह दी जाती है उन्हें निःशुल्क देखा जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित कलैक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारी, मीडिया बंधु एवं एजेंल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल के डेंटल डिपार्टमेंट से डॉ चारू कीर्ति मोहन, ऑर्थो डिपार्मेंट से डॉ सारंग अग्रवाल, गाइनेकोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट से डॉ निधि आहूजा, पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट से डॉ तारा निगम उपस्थित रहे।*

## नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ



ललितपुर। वार्ड नंबर बीस तालाबपुरा में डाली जा रही सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने भूमि पूजन किया। इस दौरान प्रस्तावित सीसी सड़क के बीच स्थित काली माता मंदिर पर नपाध्यक्ष ने पूजन अर्चन भी किया। उन्होंने अवर अभियंता को निर्देशित किया कि डाली जा सही सड़क व नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाये। यह भी कहा कि डाली जा रही सड़क को समयावधि पर ही पूर्ण कर लिया जाये। इस दौरान वार्ड पार्षद जगदीश यादव, विवेक जैन, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, हितेन्द्र रैकवार सहित संबंधित ठेकेदार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद नपाध्यक्ष ने मोहल्ला तालाबपुरा में बंध के पास गलियों में हो रहे जल भराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका द्वारा बनाये गये नाले का भी निरीक्षण किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बारिश के समय में गलियों में अत्याधिक जल भराव हो जाता है, पानी के निकासी का कोई समाधान नहीं है। जिस पर अध्यक्ष ने जेई को निर्देशित किया कि मोहल्लेवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पानी निकासी के लिए नाला निर्माण कराया जाये, जिससे कि मोहल्लेवासियों को समस्या उत्पन्न न हो। इसके अलावा उन्होंने तालाब बंध के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर देखा कि शौचालय जीर्णशीर्ण अवस्था में था। वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि मोहल्ले में शौचालय की स्थिति जीर्णशीर्ण होने के चलते मोहल्लेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा मरम्मत कराये जाने के निर्देश अवर अभियंता को दिये गये।

## जरूरतमंदों को करती है पूर्ति

# जय अंबे समिति के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





मेडिकल कॉलेज मे गंभीर बीमारी से ग्रसित भर्ती प्रमोद चतुर्वेदी को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाने पर मरीज की पत्नी ममता चतुर्वेदी ने समिति के अध्यक्ष को संपर्क कर बताया कि मेरे पति की स्थिति काफी चिंताजनक है और उन्हें ब्लड की आवश्यकता है मेरे परिवार मे मेरे अलावा और कोई नही है और मैं सारे दिन से ब्लड के लिए परेशान हो रही हूं किसी ने भी मेरी मदद नहीं की है कुछ लोगों के द्वारा बताया गया है की जय अंबे रक्तदान समिति आपकी मदद कर सकती है आप समिति से संपर्क करें मरीज की पत्नी ममता चतुर्वेदी से संपर्क होने के बाद समिति ने रक्तदाता शिक्षक बृजेश राजन को सूचना दी समिति सहित रक्तदाता बृजेश राजन रात्रि मे मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर बृजेश राजन ने चौथी बार प्रमोद चतुर्वेदी को रक्तदान किया तो वही रक्षपाल यादव ने अत्यंत जरूरतमंद हरिराम अहिरवार को अपना बहुमूल्य ब्लड रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने रक्तदाताओं सहित समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज संजय पड़वाअर्जुन भोसले ममता चतुर्वेदी मनोज सोनी आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय जिलाओरियंटेशन वर्कशॉप का शुभारंभ

# गोल्ड चैन उपकरणों की देखरेख व सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के सभी 6ब्लॉकों से आये कोल्ड चेन हैण्डलर्स के लिये कार्यालय सभागार में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट औरिएंटेशन वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को कोल्ड चेन उपकरणों के रख-रखाव के संबंध में तथा टीकों के द्वारा बचाव की जा सकने वाली बीमारियों यथा मिजिल्स, रूबेला, पोलियों एव डिप्थीरिया तथा टिटनेस, नियमित टीकाकरण आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

सीएमओ डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कोल्ड चेन उपकरणों के रख-रखाव में मदद मिलेगी। समस्त चिकित्सकों एवं टीकाकरण कर्मियों को टीकाकरण की अधुनांत जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. शिवप्रकाश ने टीकाकरण के दौरान दिये जाने वाले 04 महत्वपूर्ण सन्देशों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में वैक्सीन के वैज्ञानिक ढंग से रख-रखाव पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अलग-अलग प्रकार की वैक्सीन के लिए तापमान सीमा, भंडारण की स्तरबद्ध व्यवस्था (फ्रीज़र, आईएलआर, रेफ्रिजरेटर आदि), वायल के स्थान और फस्ट इन फस्ट आउट/फस्ट एक्सपायर फस्ट आउट सिद्धांतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि फ्रिज अथवा आईएलआर के भीतर तापमान का वितरण समान नहीं होता, इसलिए हर वैक्सीन को उसके निर्धारित स्तर पर ही रखा जाए और दरवाजा बार-बार खोलने से बचा जाए। साथ ही, बिजली बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था, आइस-पैक प्रबंधन तथा कोल्ड बॉक्स के सही उपयोग पर भी व्यवहारिक अभ्यास कराए गए। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ एक्सपर्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने टीकाकरण के बारे में प्रशिक्षण देते हुये वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन पॉइंट पर तापमान की सतत और सटीक निगरानी पर विशेष बल दिया। यह यह भी बताया गया कि यदि निर्धारित तापमान सीमा से मामूली विचलन भी हो जाए, तो वैक्सीन की प्रभावशीलता कम हो सकती है, इसलिए हर कोल्ड चेन हैंडलर का यह कर्तव्य है कि वह दिन में कई बार तापमान दर्ज करे, रिकॉर्ड सुरक्षित रखे और किसी भी असामान्यता की स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करे। टीकाकरण की जानकारी सभी को होना एवं बच्चों का टीकाकरण समय पर कराना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान एसएमओ डब्लूएचओ डॉ. सुमित बघेल, डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन, यूसीटीडी शिवेन्द्र, वीसीसीएम यूएनडीपी कहकशा सिद्दिकी एवं ब्लॉक से आए कोल्ड चेन हैण्डलर्स सीएमओ कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## टीएसआई ने बताए नियम

# बिना लाइसेंस के छात्र-छात्राएं वाहन न चलाएं, सुरक्षित रहें




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज में छात्रों, विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों, विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर नियम विरुद्ध वाहन के संचालन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 96 वाहनों का चालान किया गया व 02 वाहनों को सीज किया गया।

## हमले में सिर में गंभीर चोटें आईं

# फैक्ट्री जा रहे उद्यमी पर जानलेवा हमला किया, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

फैक्ट्री जा रहे उद्यमी के साथ दबंग ने हमला कर दिया। इस मामले के प्रकाश में आने पर हड़कम्प मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहल्ला चौकाबाग निवासी अनुपम शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को अपराह्न करीब 12 बजे वह अपनी झील कपर वटर की फैक्ट्री में जा रहा था। तभी रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले अमन पाराशर ने उसका रास्ता रोक लिया और गालियां देने लगा। मना करने पर उसके साथ हाथ के कड़े से मारपीट कर दी। इस हमले में उसे सिर में गंभीर चोटें आयीं। आस पास के लोगों ने उसका बचाव किया तो अमन पाराशर उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पीड़ित ने बताया कि उक्त अमन आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमन पाराशर के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमन पाराशर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पनारी स्थित कॉलेज में पेपर देने के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में वह अपने दोस्त सुधांशु शर्मा से बात करने लगा। इसी बीच अनुपम शर्मा उमरिया आया और उसके दोस्त का मजाक उड़ाने लगा। मना करने पर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अनुपम ने उसके हाथ की घड़ी भी तोड़ दी। पुलिस ने अमन पाराशर की तहरीर परएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**दूसरे पक्ष ने लगाया मारपीट करने, घड़ी तोड़ने का आरोप**

## भाकिसं ने दिया ज्ञापन

# जाखलौन पंप कैनाल का टेल तक पानी पहुचाने की मांग की



**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जाखलौन पम्प नहर को फुल गेज, 5 पम्प चलाकर टेल तक दैलवारा, अमरपुर,रसोईडिबाई , आदि सभी माइनरों में पानी पहुंचाया जाए। राजघाट की ऊपरी व निचली नहर का पानी टेल तक पानी पहुंचाया जाए। बिजली दस घंटा लगातार दी जाए, राजघाट, दैलवारा फीडर की बिजली पूरे दिन काटी जा रही है जिसे बंद किया जाए। और दिन में बिजली दी जाए, बिजली जाते ही जी ओ व वी एस एन एल के नेटवर्क चले जाते हैं नेटवर्क ठीक कराया जाए। फसल बीमा का पिछले वर्ष का एक सौ दो कडोर रुपए दिलाए जाऐ और २०२५ खरीफ बीमा हजारों किसानों को नहीं मिला जिसे सीध्र दिलाया जाए । ज्ञापन पर प्रांत उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला, सोहनलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत कांकर, ऊदल सिंह, तिलक राम कौशिक, भरतसिंह, चंदनसिंह मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत पर की गई एफआईआर दर्ज

## जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा भागनगर निवासी सुपनेखा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 5 नवम्बर को अपराह्न करीब 2 बजे उसका पति राजेश कुमार अपनी मोटर साइकिल से चिगलौआ गांव से घर वापस लौट रहा था। जब वह चिगलौआ स्कूल के पास पहुंचा ही था कि तभी पीछे से आ रही मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 ए.के. 9132 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान पीछे से आये रोहित पुत्र शिवराम व जयराम पुत्र दलपत ने घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बार पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया कि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसके पति ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर अनुसार मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।


### समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग

ललितपुर। भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जाखलौन पम्प नहर को फुल गेज, 5 पम्प चलाकर टेल तक दैलवारा, अमरपुर, रसोई, डिबाई आदि सभी माइनरों में पानी पहुंचाने की मांग उठायी। बताया कि राजघाट की ऊपरी व निचली नहर का पानी टेल तक पानी पहुंचाया जाए। बिजली दस घंटा लगातार दी जाए, राजघाट, दैलवारा फीडर की बिजली पूरे दिन काटी जा रही है जिसे बंद किया जाए। और दिन में बिजली दी जाए, बिजली जाते ही जिओ व बीएसएनएल के नेटवर्क चले जाते हैं, जिसे ठीक कराया जाए। फसल बीमा का पिछले वर्ष का एक सौ दो करोड रुपए दिलाए जाए और 2025 खरीफ बीमा हजारों किसानों को नहीं मिला जिसे शीघ्र दिलाया जाए। ज्ञापन पर केहरसिंह बुंदेला, सोहनलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत कांकर, ऊदल सिंह, तिलकराम कौशिक, भरतसिंह, चंदनसिंह, दीपचंद, रघुवीर सिंह, मनोज, भूपेंद्र, गोकुल, सूखा आदि मौजूद रहे।

## बजाज फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी करने का मामला

# पुलिस ने अंतर प्रांतीय चार जालसाजों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बजाज फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की हानि कम्पनी को पहुंचाने वाले चार शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। प्रोपर्टी लोन के नाम पर करीब पौने दो करोड़ रुपये का गबन करने वाले शातिर बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुये पुलिस के समक्ष पूरी घटना का पटाक्षेप किया।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीती पांच अगस्त 2025 को शाम करीब साढ़े छह बजे मु.अ.सं.0881 को झांसी निवासी संदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस लिमिटेड में असिस्टेण्ट मैनेजर रिस्क के पद पर तैनात है। आरोप लगाया कि कम्पनी में ही कार्यरत आधा दर्जन से अधिक लोगों ने धोखाधड़ी कर कम्पनी के नाम से लोगों को लोन दिलाने के नाम पर करीब 1 करोड़ 71 लाख 1703 रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पुलिस ने संदीप सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 341(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान प्रकाश में आये टौरिया मंदिर के पास नेहरू नगर निवासी महेन्द्र राय पुत्र रामबक्श राय, कमिश्नरेट उत्तरी लखनऊ के कस्बा व थाना पारा अंतर्गत गली नं. 5 गायत्री बिहार निवासी अभिनव निगम पुत्र राजेश निगम, म.प्र.ग्वालियर में थाना मुरार अंतर्गत ब्रिज कालोनी कालपी निवासी पारस वर्मा पुत्र घनश्याम, म.प्र. जिला शिवपुरी के थाना दिनारा अंतर्गत पुराना पोस्ट ऑफिस के पास अम्बेड़कर पार्क निकट निवासी विकास दिवाकर पुत्र विजय बाबू दिवाकर को पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने चार मोबाइल फोन व 4900 रुपये नकद बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान उक्त लोगों ने बताया कि वह संगठित गिरोह बनाकर लोगों को गुमराह करते थे और लोन दिलाने के नाम पर कम्पनी में काम करने का अनुभव होने के जरिए ठगी को अंजाम देते थे। बताया कि अपनी ओर से पम्पलेट छपवाकर चस्पा कर दिये थे, जिससे लोगों द्वारा सम्पर्क करने पर उन्हें प्रोपर्टी इत्यादि के कूटरचित दस्तावेज बनाकर लोन दिलाने की प्रक्रिया कराते थे और अन्य दस्तावेजों के आधार पर लोन स्वीकृत कराकर रुपये निकासी कर आपस में बांट लेते थे।

### अभयपुर गांव में अपराध विवेचना, स्मैकची को पकड़ने गई थी पचोर

# गलतफहमी का शिकार हुई पुलिस की टीम, ग्रामीणों ने किया हमला

## जिन स्मैकचियों को पकड़ना था उनकी जगह निर्दोष युवक को पकड़ा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत आ रहे गांव अभयपुर में एक अपराध की विवेचना और स्मैक कारोबारी को गिरफ्तार करने पहुंची पचोर पुलिस की टीम ने एक निर्दोष युवक को धर-दबोचा। इस युवक को कार में जबरन बैठाकर ले जा रही पुलिस टीम को ग्रामीणों व अज्ञात लोगों ने अपहरणकर्ता समझते हुए टीम पर हमला बोल दिया।

इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिनका ईलाज खिलचीपुर अस्पताल में चल रहा है। इसके साथ ही अज्ञात लोगों ने पुलिस टीम द्वारा लाई गई कार में भी तोड़फोड़ करते हुए उसके कांच फोड़ दिए। खबर लिखे जाने तक पूरे मामले में कार्यवाही जारी थी।

### क्या है पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार पचोर थाने की पुलिस टीम में शामिल एसआई सुरेश मेवाडे, आरक्षक अरविंद गोयल एवं गौरव परमार गुरुवार दोपहर अभयपुर गांव में एक अपराध की जांच और किसी मुजरिम को पकड़ने गए थे। पुलिस की यह टीम विभागीय वाहन नहीं बल्कि एमपी-37 नबंर वाली कार से पहुंची थी। इसके साथ ही इन पुलिसकर्मियों ने वर्दी भी नहीं पहनी हुई थी।

टीम में शामिल पुलिसकर्मी जिस मुजरिम को पकड़ने आए थे उसकी बजाय गलतफहमी में पूरसिंह सौंधिया नाम के युवक को जबरन पकड़कर ले जाने लगे। पुलिसकर्मियों द्वारा झूमाझटकी एवं जबरर्दस्ती करते हुए जब पूरसिंह को अपने साथ कार में बैठाकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणजनों ने पुलिसकर्मियों को ऐसा करने से रोका। बात बड़ी और अपने गांव से निर्दोष युवक को ले जा रहे पुलिसकर्मियों से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में पचोर थाने के आरक्षक अरविंद गोयल और गोरव परमार को चोंट आई जिन्हें घटना के बाद खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### मीडया से कुछ कहने से बचते नजर आए पुलिस अधिकारी

इस मामले में पचोर पुलिस पूरी तरह गलत थी और निर्दोष व्यक्ति को जबरन पकड़कर ले जा रही थी ऐसे में काफी समय तक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मीडिया को किसी भी तरह का बयान देने से बचते नजर आए। हरिभूमि ने इस संबंध में पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया को फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती द्वारा भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

### यह भी रहा हमले का कारण

दरअसल, कुछ दिनों पूर्व अभयपुर गांव के आसपास से ही कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक को अगवा किए जाने जैसी एक घटना हुई थी। ऐसे में इस मामले को भी ग्रामीणों ने वैसा ही समझा और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हालांकि, किन व्यक्तियों द्वारा ऐसा किया गया है, उनके नाम खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आए थे।

### मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को पूर्ण करने में अब 6 दिन

# एसआईआर : जिले की 5 विधानसभाओं में 87 फीसदी कार्य पूर्ण किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य अब तेज गति से होने लगा है। निवार्चन से जुड़ा यह अति महत्वपूर्ण कार्य गत 04 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के कुछ दिनों तक बीएलओ व अन्य कर्मचारियों को गणना पत्रकों के वितरण में लग गए। ऐसे में शुरूआत में राजगढ़ जिला एसआईआर कार्य में प्रदेश की अंडर फाइव जिलों की सूची में था। लेकिन, अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बीएलओ सहित इस कार्य से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा तन्मयता और लगन से काम करने के चलते पांचों विधानसभाओं को मिलाकर एसआईआर का लगभग 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। गुरुवार 27 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में जिले के कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 24 हजार 762 मतदाताओं के फाम्र्स डिजिलाईज्ड किए जा चुके थे। एसआईआर से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी सुबह से लेकर देर रात्रि तक इस काम में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि निवार्चन आयोग ने एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की हुई है। ऐसे में अब इस कार्य में एक हफ्ते का समय ही शेष बचा है।

### खिलचीपुर विधानसभा अभी भी अव्वल

एसआईआर कार्य के तहत सभी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों के डिजीटाईलेजशन कार्य में जिले की पांचों विधानसभाओं में से खिलचीपुर विधानसभा अव्वल नबंर पर है। यहां करीब-करीब 93 फीसदी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों को डिजीटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। खिलचीपुर के बाद सारंगपुर विधानसभा दूसरे नंबर पर है जहां लगभग 88 फीसदी एसआईआर पूरा किया जा चुका है।

## आईएएस वर्मा का विरोध लगातार जारी



**खुजनेर**। गुरुवार को समस्त ब्राह्मण समाज खुजनेर के तत्वाधान में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई कि कोई ब्राह्मण परिवार अपनी बेटी को मेरे बेटे को दान करें और मेरा बेटा उससे संबंध बनाएं ऐसे वक्तव्य की घोर निंदा करते हुवे विरोध में ब्राह्मण समाज के सभी सदस्य आज मंदिर श्री चरणदास जी पर एकत्रित होकर बाइक रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय खुजनेर पहुंचे जहां पर तहसीलदार मैडम को पै संतोष वर्मा के खिलाफ ज्ञापन सोपा गया एवं पै संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की गई तथा साथ ही उचित दंडात्मक कार्रवाई करने की सरकार से मांग की गई एवं खुजनेर थाना प्रभारी टी आई साहब को ज्ञापन सौंपा गया तथा आई एस सन्तोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

# यात्री बस-ट्रैक्टर में भीषण टक्करः दोनों के चालक गंभीर, बस में 30 यात्री थे



**सारंगपुर**। गुरुवार सुबह आगरादूमुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारंगपुर के समीप बड़ा सड़क हादसा हो गया। ग्वालियर से इंदौर जा रही पीतांबरा बस सर्विस की यात्री बस और एक ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार करीब 30 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर तक यातायात बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि झांसी से संचालित पीतांबरा बस कंपनी की यह बस भूराखेड़ी गांव के पास पहुंची ही थी कि चालक को अचानक नींद का झोंका आ गया। उसी समय खेत के रास्ते से मुख्य सड़क पर आ रहे एक आयशर ट्रैक्टर से बस की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर बीच से दो हिस्सों में टूट गया और बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक हरेंद्र अहिरवार, निवासी झांसी, के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। वहीं बरूखेड़ी निवासी ट्रैक्टर चालक संतोष सिंह को सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सारंगपुर सिविल अस्पताल से शाजापुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर मनोहरसिंह पटेल, निवासी बरूखेड़ी का था और वह खेत मार्ग से निकलकर हाइवे पर आ रहा था तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। बस में सवार अन्य 30 यात्रियों को मामूली खरोंचें आईं। पुलिस टीम ने सभी का मौके पर ही प्राथमिक चेकअप करवाया और उन्हें दूसरी बस से इंदौर रवाना किया। हादसे के बाद हाइवे पर करीब आधे घंटे तक जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया।

### बोले जिम्मेदार

थाना प्रभारी हाड़ा ने बताया कि बस के अनियंत्रित होने और चालक की झपकी लेने के कारण हादसा हुआ। मामले में जांच जारी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर पंचनामा तैयार किया है।



## आईएएस वर्मा के विरोध में उठे स्वर

**माचलपुर**। ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के लिये गत दिवस भोपाल में आजक्स की आयोजित बैठक में सार्वजनिक रूप से आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कहा की जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं देगा या संबंध नहीं बनायेगा तब तक आरक्षण जारी रहेगा। उक्त वक्तव्य का पूरे प्रदेश में विरोध किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को सकल ब्राह्मण समाज द्वारा एक ज्ञापन पुलिस महानिदेशक के नाम का पुलिस थाने में पहुंच कर एएसआई समीर खान को सौंप और मांग की गई कि उक्त मनोविक्षिप्तता से ग्रसित संतोष वर्मा जैसे अधिकारी प्रशासनिक पद पर बैठ कर ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के संदर्भ में अमर्यादित टिप्पणी की गई जो निंदनीय है और विकृत मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है अतः इस अधिकारी पर भारतीय दंड सहित की धारा के तहत कठोर कार्यवाही की जाए क्योंकि इनकी टिप्पणी ब्राह्मण समाज ही नहीं हर बहन बेटी का अपमान है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि वर्मा का यहां बयान कुंठित मनोभाव उनकी अपेक्षित निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह है ऐसा व्यक्ति प्रशासनिक व्यवस्था को कलंकित करता है और बहन बेटियों को वस्तु मानता जिससे सभ्य समाज में इस विकृत मानसिकता वाले अधिकारी की कोई जगह नहीं है। थाने में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोश था और नारे बाजी कर रहे थे। इस अवसर बालमुकुंद सराफ, राजेंद्र सिंह मंडलोई,प्रकाश नागर, ब्रजभूषण त्रिवेदी, भेरूसिंह मंडलोई, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## वीआईटी विवाद के चलते अभाविप ने किया पुतला दहन

**सारंगपुर**। वीआईटी भोपाल में निम्न-स्तरीय भोजन व खराब पेयजल की आपूर्ति को लेकर छात्रों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। बीती रात छात्रों ने मेस एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विरोधरत छात्रों का कहना है कि पिछले कई दिनों से परोसा जा रहा भोजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जिसके चलते कई विद्यार्थियों में जॉन्डिस जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। कुछ छात्रों की स्थिति गंभीर होने की आशंका ने भी माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है।छात्रों ने आरोप लगाया कि समस्या उठाने पर प्रशासन ने उन्हें दबाने का प्रयास किया और विरोध को भांपते ही अचानक विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया। विद्यार्थियों का कहना है कि यह कदम असंतोष को शांत करने के बजाय मामले को टालने का प्रयास है, जो अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है।

### सारंगपुर पुलिस की सक्रियता

# बड़ी सफलता, ब्यावरा लूट कांड के आरोपी धर-दबोचे



**सारंगपुर**। बुधवार शाम को एक बुजुर्ग के साथ ब्यावरा में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात में शामिल दो आरोपी को सारंगपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की तीव्र कार्रवाई और सतत निगरानी के चलते आरोपी पुलिस के हाथों से बच नहीं सके। आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बेझिझक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की इस तत्परता, साहस और व्यावसायिक दक्षता की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्यावरा थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय बुजुर्गों के साथ दो युवकों ने लूट की घटना को अंजाम दिया और आरोपी सारंगपुर की तरफ भागे सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने टीम के साथ त्वरित घेराबंदी की। आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन दृढ़ संकल्प और तेजी दिखाते हुए थाना प्रभारी हाड़ा ने कुछ दूरी तक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई ने टीम भावना और महिला नेतृत्व की मजबूत भूमिका को भी रेखांकित किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को विधिवत पूछताछ व आवश्यक कार्रवाई के उपरांत ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अन्य नाम और संभावित सहयोगी भी सामने आने की संभावना है, जिसके आधार पर आगे की जांच जारी रहेगी। सारंगपुर पुलिस की इस सक्रियता ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, पुलिस की तत्परता और मजबूत रणनीति से अपराधी कानून के शिकंजे से भाग नहीं सकता। नगर के नागरिकों ने भी थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और पुलिस टीम के साहसिक कार्य की सराहना व्यक्त की है।

### निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं की पहल

## जरूरतमंदों के लिए स्कूली बच्चों ने एकत्रित किए गर्म कपड़े

**राजगढ़**। जिले में हल्की शीतलहर और ठंड का लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसी को देखते हुए स्थानीय स्कूल के बच्चों ने जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करने स्वयं एवं परिवारजनों से एकत्रित नए एवं कुछ गर्म कपड़े, स्वेटर, जॉकेट इत्यादि संस्था में लाकर जमा करवाए। शाला संचालक राकेश पांडे ने बताया कि बच्चों द्वारा लाए गए इन गर्म कपड़ों को ग्रामीण क्षेत्र, सराय, प्रतीक्षालयों सहित अन्य स्थानों के जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा ताकि वे भीषण ठंड का सामना कर सकें। स्कूली बच्चों का यह प्रयास ठंड के मौसम में लगातार चलता रहेगा। स्कूल संचालक श्री पांडे ने इस मानवीय एवं पुनीत कार्य के लिए सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की इस प्रकार से मदद करने का कार्य करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में इस उम्र से ही सेवाभाव और मानवीय संस्कारों के बीज बोने से आगे जाकर बच्चे समाजसेवा और राष्ट्रसेवा के मजबूत स्तंभ बन सकेंगे। वस्त्र दान करने वाले विद्यार्थियों में साक्षी वर्मा, तनिष्का दुबे, महविश हुसैन, सुहाना कोकाशिया, आलिया हाशमी, अश्मीरा हाशमी, नमन उपाध्याय, कनक मेवाड़े, ट्विंकल विश्वकर्मा, संस्कार गौड़, नीलांश विश्वकर्मा, आराध्या उपाध्याय, निशांक विश्वकर्मा एवं नक्श उपाध्याय शामिल हैं।

## गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया



**ब्यावरा**। सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में आज गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनसमूह ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र, धर्म और मानवता के प्रति प्रेरणा का संदेश देना रहा।

# जेसीबी से पुष्प वर्षा कर किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत



**कुरावर**। गुरुवार को सुबह पीलूखेड़ी बस स्टैंड पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम बार नरसिंहगढ़ आगमन पर विधायक मोहन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जेसीबी से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उसके बाद लगभग 400 गाड़ियों के चार पहिया वाहन के काफिले के साथ नरसिंहगढ़ में होने वाली एसआईआर की जिला कार्यकारिणी की बैठक शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनका स्वागत ग्राम बड़नगर, माना, बिजोरी, झाड़ला , जमुनिया गोप चैहान, तीज बड़ली हनुमान मंदिर, साका श्याम जी, सराना, बड़ोदिया तालाब, एवं बोड़ा बायपास मार्ग पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीण जनों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।

# ग्राम कडवाला में गीता सुतारिया शिक्षण संस्था नव अंकुर समिति की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

ग्राम कडवाला में गीता सुतारिया शिक्षण संस्था नव अंकुर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद तथा ब्लॉक समन्वयक सीमा बेडवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गीतासुतारिया शिक्षण संस्था के अध्यक्ष दिनेश पुरबिया, सरपंच हेमंत कुमार राठौर, परामर्शदाता अरविंद गुजराती उपस्थित रहे। जिसमें समिति के साथ बैठक के साथ चार रजिस्टर बनाना है एवं बैनर बनाना अनिवार्य है। कार्यवाही किस प्रकार लिखते इस प्रकार की जानकारी जिला समन्वयक द्वारा दी गई एवं कार्यक्रम में बोरी बंधान भी किया गया। 40 बोरियों का बोरी बंधान जल है तो कल है पानी है अनमोल सोच समझ कर ढोल भारत माता की जय भारत माता की जय जल है तो कल है जल है तो इस प्रकार के नारे लगाकर गोरी वंदन किया गया। बैठक में ग्रामवासियों की अच्छी सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर राम पाटीदार, हरज्ञान सिंह राजपूत, मुकेश सूर्यवंशी, देवनारायण धनगर भगवती प्रसाद शर्मा पुजारी सियाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं समाजहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। सभी उपस्थितजनों ने मिलकर ग्राम विकास और जनभागीदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### प्रजापिता ब्रहाकुमारी संस्था ने आयोजित किया तीन दिवसीय

# जेल के बंदियों को बताए जीवन में परिवर्तन में लाने टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों की तनाव मुक्ति एवं उनके हृदय परिवर्तन के लिए प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिवस खुशी महोत्सव, द्वितीय दिवस आनंद महोत्सव एवं तृतीय दिवस परिवर्तन महोत्सव के तहत बंदियों में तनाव मुक्ति, जीवन में शांति एवं जीवन की दिशा बदलने संबंधी बातें उन्हें बताई गईं।

खुशी महोत्सव के तहत सुख को जीवन में आने दो विषय पर बोलते हुए राजयोगिनी सुरेखा दीदी ने कहा कि हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों की खुशियां छीनने का कोई हक नहीं है बल्कि दूसरों की खुशियों में हमें भी खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति एक ही ईश्वर की संतानें हैं और पूरा विश्व हमारा परिवार है। ऐसे में अब हम सबको मिलकर इस दुनिया को एक सुंदर सतयुगी दुनियां बनानी है। ऐसी दुनिया जिसमें कोई दुखी न हो, कोई बीमार न हो। इसके लिए हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प से श्रृष्टि रची गई तो पहले हमें अपने संकल्प का परिवर्तन करना होगा और सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार रखना पड़ेगा। सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना है।

**सदैव एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलें:** राजयोगिनी दीदी ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना चाहिए। हम सभी इस श्रृष्टि रूपी रंगमंच के कलाकार हैं जहां हम अलग-अलग रोल निभा रहे हैं। इस रंगमंच के डायरेक्टर स्वयं परमात्मा हैं। इसीलिए जीवन में आने वाली हर समस्या, स्थितियों से सीख लेकर आगे बढ़ते रहना चाहिए।